4th class Vyakaran Ch. 1 Ques Ans.

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो __**

**क) भाषा किसे कहते हैं?**

उत्तर- वह साधन, जिसके द्‌वारा हम दूसरे लोगों तक अपने  विचार पहुँचा सकते हैं और उनके विचारों को जान सकते हैं उसे भाषा कहते हैं।

ख) **मौखिक भाषा और लिखित भाषा से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित बताइए।**

ग) उत्तर- **<u>मौखिक भाषा</u>** बोल कर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना और सुनी हुई बात को समझना मौखिक भाषा है। जैसे:- भाषण , वाद विवाद आदि।

**<u>लिखित भाषा</u>** लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना तथा लिखी हुई बात को पढ़कर समझना लिखित भाषा  है। जैसे:- पत्र , पुस्तकें।

घ) **लिपि किसे कहते हैं?**

उत्तर- भाषा को लिखने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों को लिपि कहते हैं।

ङ) **व्याकरण हमें क्या सिखाता है?**

उत्तर- व्याकरण भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है।